# टेक पार्क युवाओं के लिए नए अवसर : शाह

- गुजरात की अर्थव्यवस्था में तकनीकी बदलाव
- टेक्नोलॉजी पार्क बनाएंगे मजबूत होगा इकोसिस्टम



**अहमदाबाद, 17 मई. केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, क्वांटम कंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर जैसे उभरते क्षेत्रों में अब फाउंडर नेशन के रूप में अपनी पहचान बना रहा है.**

उन्होंने अहमदाबाद के ट्रागड क्षेत्र में गुजरात के पहले विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) आईटी पार्क 'मिलियन माइंड्स टेक सिटी' के पहले चरण के उद्घाटन के दौरान यह बात कही. अमित शाह ने कहा कि एक समय ऐसा था जब भारत कई क्षेत्रों में पीछे रह गया था, लेकिन अब देश उन तकनीकों में मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है, जो अगले 25 वर्षों में वैश्विक अर्थव्यवस्था की दिशा तय करेंगी. उन्होंने कहा, एआई और डीप टेक भविष्य की अर्थव्यवस्था हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत आज दुनिया के सभी उभरते क्षेत्रों में फाउंडर नेशन बन चुका है. केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि रोबोटिक्स, ऑटोनॉमस सिस्टम, साइबर सुरक्षा, रक्षा तकनीक, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर और अंतरिक्ष तकनीक जैसे भविष्य उन्मुख क्षेत्रों में आने वाले समय में बड़ी संख्या में कुशल मानव संसाधन और अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे की आवश्यकता होगी. उन्होंने कहा, देश में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत केवल उन्हें सही मंच, बेहतर माहौल और पर्याप्त सहयोग उपलब्ध कराने की है.

**मिलियन माइंड्स टेक सिटी: युवाओं के लिए रोजगार के अवसर**

शाह ने कहा कि मिलियन माइंड्स टेक सिटी जैसे अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी पार्क नवाचार, रिसर्च और रोजगार को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं के लिए नए अवसरों का मजबूत इकोसिस्टम तैयार करेंगे. परियोजना के पहले चरण का विकास लगभग 1,100 करोड़ रुपए की लागत से 13.5 लाख वर्गफुट क्षेत्र में किया जा रहा है. इससे करीब 9 हजार उच्च कौशल वाले पेशेवरों को कार्यस्थल उपलब्ध होगा. पूरी सात चरणों वाली परियोजना में लगभग 15 हजार करोड़ रुपए का निवेश आने का अनुमान है. अगले पांच वर्षों में इससे 63 हजार से अधिक हाई-वैल्यू रोजगार के अवसर पैदा होने की संभावना जताई गई है.

## पांच राज्यों में मकान सूचीकरण शुरू

**राजस्थान, 17 मई.** देशव्यापी जनगणना 2027 के पहले चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का फील्ड कार्य राजस्थान, मेघालय, महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली नगर निगम क्षेत्र में शुरू हो गया है. इसके साथ ही गुजरात, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और पुडुचेरी में स्व-गणना सुविधा भी शुरू कर दी गई है. आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव, हरियाणा, मध्य प्रदेश, पंजाब, तेलंगाना और उत्तराखंड में प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर मकान सूचीकरण कार्य जारी है. गुजरात, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और पुडुचेरी में आज से स्व-गणना सुविधा शुरू हो गई है, जो 31 मई 2026 तक उपलब्ध रहेगी. इन क्षेत्रों में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का फील्ड कार्य 1 जून से 30 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा.

# देश के 8 राज्यों में गर्मी का कहर

- गुजरात की जंगल सफारी में ऐसी स्प्रिंकलर लगाए गए



**नई दिल्ली,17 मई. पश्चिम में राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र-विदर्भ से लेकर मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश समेत 8 राज्य भीषण गर्मी की चपेट में हैं. इन इलाकों में पारा लगातार 40 डिग्री से ऊपर चल रहा है. दिन के साथ रातें भी गर्म हो रही हैं. शनिवार को महाराष्ट्र के अमरावती और वर्धा देश के सबसे गर्म शहर रहे.**

दोनों शहरों का तापमान 46 डिग्री रिकॉर्ड हुआ. यूपी के बांदा, मध्य प्रदेश का नौगांव और खंडवा में भी पारा 44 डिग्री से ज्यादा रहा. गुजरात के एकता नगर में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के पास बनी जंगल सफारी में जानवरों और पक्षियों के लिए ऐसी, कूलर और स्प्रिंकलर लगाए गए हैं.

**जानवरों और लोगों के लिए ठंडक के इंतजाम**

वडोदरा के सायाजीबाग जूलॉजिकल पार्क ने जानवरों और पक्षियों को गर्मी से बचाने के लिए ठंडक के कई इंतजाम किए हैं. इनमें पानी का छिड़काव, बर्फ के टुकड़े, फॉगर शामिल हैं. राजस्थान के बीकानेर, चूरू, बाड़मेर, जैसलमेर में अधिकतम तापमान 40 से 43 के बीच दर्ज हुआ. सीकर, हनुमानगढ़, जालोर, सिरोही में तापमान 40डिग्री से नीचे रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले हफ्ते से गर्मी तेज हो सकती है. वहीं, रविवार को 8 जिलों में हीटवेव का यलो अलर्ट है. मध्य प्रदेश प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ रही है. इंदौर और उज्जैन संभाग में सबसे ज्यादा गर्मी है. शनिवार को नौगांव और खंडवा में पारा 44 के पार रहा. वहीं, 15 शहरों में तापमान 43 या इससे ज्यादा दर्ज किया गया. रतलाम में इतनी तेज धूप थी कि मोबाइल ही बंद हो गया. उत्तरप्रदेश मौसम विभाग ने आज 22 शहरों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है. बांदा लगातार पांचवें दिन सबसे गर्म शहर रहा।तापमान 44.8 रिकॉर्ड किया गया.

# मंदानी के नकबा पोस्ट पर भड़का यहूदी समुदाय



**नयू यॉर्क, 17 मई. न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी अपने एक पोस्ट को लेकर विवादों में घिर गए हैं. उन्होंने अपने आधिकारिक प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते हुए 'नकबा' की याद में एक विवादित वीडियो पोस्ट किया.**

मेयर के इस पोस्ट के बाद यहूदी संगठनों और स्थानीय नेताओं ने उनकी कड़ी आलोचना की. नकबा एक अरबी शब्द है, जिसका अर्थ 'तबाही' होता है. इसका इस्तेमाल 1948 में इस्राइल की स्थापना और उससे जुड़े फलस्तीनियों के विस्थापन को संदर्भित करने के लिए किया जाता है. ममदानी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया चैनलों पर जो वीडियो शेयर किया, उसमें न्यूयॉर्क की रहने वाली इनिया बुशनाक का इंटरव्यू शामिल है, जिन्हें ममदानी ने नकबा सर्वाइवर बताया। वीडियो में बुशनाक 1948 के युद्ध के दौरान अपने परिवार के यरुशलम छोड़ने के बारे में बताती हैं. उनका दावा है कि यहूदियों के यरुशलम आने के कारण उनके परिवार को वहां से भागने के लिए मजबूर होना पड़ा.

वीडियो के साथ ममदानी की पोस्ट में लिखा था, आज नकबा डे है, जो 1947 से 1949 के बीच इस्राइल के गठन और उसके बाद 7 लाख से ज्यादा फलस्तीनियों के विस्थापन की याद में मनाया जाने वाला वार्षिक दिन है.

## आज का इतिहास

1881-एक वकील, राजनीतिज्ञ और संविधान सभा के सदस्य राम लिंगम चेट्टियार का जन्म
1912-पहली भारतीय फीचर लेंथ फिल्म पुंडालिक रिलीज
1934- भारतीय बांग्ला भाषा के कवि, गीतकार, संगीतकार और देशभक्त मुकुन्द दास का निधन
1948-भारतीय राजनेता थावर चंद गहलोत का जन्म
1951-भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिज्ञ जगदीप धनखड़ का जन्म
1994-गाजा पट्टी क्षेत्र से अन्तिम इजरायली सैनिक टुकड़ी हटाये जाने के साथ ही क्षेत्र पर फिलीस्तीनी स्वायत्तशासी शासन पूरी तरह से लागू
2004-इजरायल के राफा विस्थापित कैम्प में इजरायली सैनिकों ने 19 फिलीस्तीनियों को मौत के घाट उतारा
2006-नेपाल नरेश को कर के दायरे में लाया गया
2007-कजाकिस्तान के राष्ट्रपति नूर सुल्तान नजर वायेव का कार्यकाल असीमित समय के लिए बढ़ा.



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीदरलैंड दौरे के दौरान डच नेतृत्व के साथ समुद्र तट पर हाथ हिलाकर अभिवादन करते हुए. इस मुलाकात में भारत-नीदरलैंड रणनीतिक साझेदारी, व्यापार, ऊर्जा और इंडो-पैसिफिक सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई.

# राष्ट्रपति मुर्मू ने सुको जजों की संख्या बढ़ाने को मंजूरी दी



**नई दिल्ली 17 मई. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या 34 से बढ़ाकर 38 करने के केंद्रीय मंत्रिमंडल के निर्णय को मंजूरी दे दी है. केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी.**

उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ने उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन अध्यादेश, 2026 जारी करने को मंजूरी प्रदान कर दी है. इससे उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या 33 से बढ़ाकर 37 (भारत के मुख्य न्यायाधीश को छोड़कर) हो जायेगी। इस अध्यादेश से उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) अधिनियम, 1956 में संशोधन किया गया है. गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गत पांच मई को इस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी. इसमें कहा गया था कि उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) अधिनियम, 1956 में संशोधन किया जायेगा. इससे उच्चतम न्यायालय में में न्यायाधीशों की संख्या वर्तमान में 33 से बढ़कर 37 (भारत के मुख्य न्यायाधीश को छोड़कर) हो जायेगी. विधि क्षेत्र के विशेषज्ञों ने इसका व्यापक रूप से स्वागत किया है और इसे उच्चतम न्यायालय के समक्ष बढ़ते लंबित मामलों और मुकदमों से निपटने के लिए एक बेहतर कदम बताया है.

## एक नजर में

### शाहजहांपुर में डंपर की टक्कर से टेंपो सवार दो महिलाओं सहित तीन लोगों की मौत

**शाहजहांपुर 17 मई.** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना कांट क्षेत्र में रविवार को तेज रफ्तार डंपर ने सवारियों से भरे एक टेंपो में जोरदार टक्कर मार देने से दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं. पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने आज बताया कि थाना कांट कस्बे के कमलनयनपुर तिराहा के पास सवारी से भरा टेंपो जलालाबाद की तरफ जा रहा था। तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में दो महिलाएं राम क्षत्रिय (28), गुड़िया (40) और एक पुरुष कल्लू (45) की मौके पर ही मौत है गई. जबकि चार वर्षीय कृष्णा ,अयान मुस्कान और अनूप गंभीर रूप से घायल हुए है. स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरह से घायल सवारियों को टेंपो से बाहर निकल गया. उन्होंने बताया सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है. हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया जिससे स्टेट हाईवे पर लंबा जाम लग गया। घायलों के बेहतर इलाज के लिए चिकित्साओं को निर्देशित किया गया है. पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. डंपर को कब्जे में लेकर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है.

### नीट पेपर लीक में सिस्टम के अंदर से हुआ खेल ब्यूटी पार्लर संचालिका भी साजिश में शामिल

**नई दिल्ली, 17 मई।** देश की मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2026 में पेपर लीक का बड़ा मांमले में केंद्रीय जांच ब्यूरो की जांच में अब तक नौ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच एजेंसी के मुताबिक, इस बार पेपर लीक किसी बाहरी साइबर हमले या तकनीकी सेंधमारी से नहीं, बल्कि सिस्टम के अंदर मौजूद लोगों की मदद से हुआ।सीबीआई की जांच के केंद्र में पुणे की सीनियर बॉटनी लेक्चरर मनीषा गुरुनाथ मंधारे और लातूर के रिटायर्ड केमिस्ट्री प्रोफेसर पीवी कुलकर्णी हैं। दोनों लंबे समय से नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की परीक्षा प्रक्रिया से जुड़े थे। मनीषा मंधारे को एनटीए ने एक एक्सपर्ट के रूप में नियुक्त किया था, जिसके कारण उन्हें प्रश्नपत्रों तक सीधी पहुंच प्राप्त थी। आरोप है कि दोनों ने इसी अधिकार और भरोसे का फायदा उठाकर पेपर लीक किया।जांच में सामने आया कि अप्रैल के अंतिम सप्ताह से ही इस नेटवर्क ने काम शुरू कर दिया था।

# दिल्ली में महिला स्टार्टअप्स को 10 करोड़ का बिना गारंटी लोन मिलेगा

- मॉल और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में मिलेगा मंच
- महिलाओं की आर्थिक भागीदारी पर जोर



**नई दिल्ली, 17 मई.** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी की महिलाओं को आत्मनिर्भर, उद्यमी और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए बड़े स्तर पर काम कर रही है. इसी दिशा में सरकार ने महिला स्वयं सहायता समूहों और स्टार्टअप्स के लिए 10 करोड़ रुपए तक के कोलैटरल-फ्री लोन की व्यवस्था की है, जिसकी गारंटी स्वयं दिल्ली सरकार लेगी. मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शनिवार शाम उत्तर पश्चिम दिल्ली स्थित यूनिटी वन मॉल, रोहिणी वेस्ट मेट्रो स्टेशन के पास आयोजित दो दिवसीय 'मेगा सेल्फ हेल्प ग्रुप मेला-2026' पर संबोधित कर रही थीं.

## भारत-नेपाल सीमा पर नागरिकों को बड़ी राहत

**काठमांडू, 17 मई.** नेपाल के सुको ने भारत से लाए जाने वाले सामान पर नागरिकों को बड़ी राहत दी है. न्यायाधीशों हरि प्रसाद फुयाल और टेक प्रसाद ढुंगाना की संयुक्त पीठ ने 100 नेपाली रुपए (लगभग 62 रुपए) से अधिक मूल्य वाले सामान पर लगने वाले सीमा शुल्क नियम पर अंतरिम रोक लगा दी. कोर्ट ने नेपाल के प्रधानमंत्री कार्यालय, मंत्रिपरिषद, वित्त मंत्रालय और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अगले आदेश तक यह नियम लागू न करें. इस नियम के तहत, नेपाल में कोई भी व्यक्ति यदि भारत से निजी उपयोग के लिए सामान लाता था .

# धामी ने किया छात्रों को सम्मानित



**देहरादून 17 मई. उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को अपने कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में एक अखबार की ओर से आयोजित समारोह में मेधावी छात्र सम्मान समारोह में प्रदेश के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं.**

इस अवसर पर धामी ने कहा कि विद्यार्थी किसी भी समाज और राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं तथा देश और प्रदेश का भविष्य उनकी प्रतिभा, मेहनत और संकल्प पर निर्भर करता है. उन्होंने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने की यह पहल अत्यंत सराहनीय है, जो युवा प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करने के साथ-साथ अन्य विद्यार्थियों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करती है. उन्होंने इस वर्ष उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों के उत्कृष्ट परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विशेष रूप से बेटियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की. धामी ने कहा कि जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता. निरंतर परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की वास्तविक कुंजी है. उन्होंने विद्यार्थियों से बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण के वास्तविक शिल्पकार हैं और विद्यार्थियों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन और जिम्मेदार नागरिकता के मूल्य भी प्रदान करते हैं.

## ईरान होर्मुज में नया ट्रैफिक सिस्टम जल्द लागू करेगा

**तेहरान, ईरान, 17 मई.** ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों के लिए नया ट्रैफिक सिस्टम लागू करने की तैयारी शुरू कर दी है.राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के चेयरमैन इब्राहिम अजीजी ने शनिवार को बताया कि इस नई व्यवस्था का उद्देश्य ईरान की संप्रभुता बनाए रखना और अंतरराष्ट्रीय व्यापार को नियंत्रित करना है.उन्होंने कहा कि केवल वही कारोबारी जहाज और देश इस प्रणाली से लाभ उठा पाएंगे जो ईरान के साथ सहयोग करेंगे.विशेष सेवाओं के लिए टैक्स भी लागू होगा, जो ईरानी सरकार के नियमन का हिस्सा है.

# शिक्षा मंत्री को करें बर्खास्त : राहुल



**नयी दिल्ली, 17 मई. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बार-बार हो रही पेपर लीक की घटनाओं पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर हैरानी जताई और कहा कि इसके लिए उन्हें तत्काल शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बर्खास्त करना चाहिए.**

गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर अपनी मांग दोहराते हुए कहा कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के पेपर बार-बार लीक होने की घटना से शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं और मोदी को इस मुद्दे पर जवाब देना चाहिए. उन्होंने इस पर आगे लिखा कहा 2024 में नीट परीक्षा का पेपर लीक हुआ था लेकिन परीक्षा रद्द नहीं की गई, मंत्री ने इस्तीफा नहीं दिया, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराई गई और एक समिति बनाई गई. अब 2026 का भी पेपर लीक हुआ, परीक्षा रद्द करनी पड़ी, मंत्री ने फिर भी इस्तीफा नहीं दिया, सीबीआई जांच कर रही है और एक अन्य समिति बनाए जाने की बात हो रही है. गांधी ने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा, मोदी जी, देश आपसे कुछ सवाल पूछ रहा है, जवाब दो. बार-बार पेपर लीक क्यों हो रहे हैं. इस परीक्षा पे चर्चा पर आप चुप क्यों हैं. बार-बार विफल हो रहे शिक्षा मंत्री को आप बर्खास्त क्यों नहीं कर रहे हैं. कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि परीक्षा प्रणाली में लगातार हो रही गड़बड़ियों से छात्रों और अभिभावकों का भरोसा कमजोर हो रहा है तथा प्रधानमंत्री को इसकी जवाबदेही तय करनी चाहिए.

# एपस्टीन फाइल्स से ब्रिटेन में राजनीतिक उथल-पुथल

**लंदन, 17 मई. ब्रिटेन- ब्रिटेन में प्रधानमंत्री कीर स्टारमर पर इस्तीफा देने का दबाव लगातार बढ़ रहा है. एपस्टीन फाइल्स में लेबर पार्टी के नेताओं के नाम आने के बाद जनता का सरकार में विश्वास कमजोर हुआ है.**

स्थानीय चुनावों में पार्टी को मिली करारी हार ने पार्टी के भीतर और विपक्ष में इस्तीफे की मांगें और तेज कर दी हैं. गुरुवार को ब्रिटेन में 136 क्षेत्रों में क्षेत्रीय चुनाव हुए। नतीजों के अनुसार, लेबर पार्टी ने परिषद की 2,200 से अधिक सीटों में लगभग 1,200 सीटें गंवा दीं, जबकि दक्षिणपंथी रिफॉर्म यूके ने लगभग 1,400 सीटें जीतकर चुनावों में स्पष्ट बढ़त बनाई. वेल्स में 27 साल सत्ता में रहने के बाद लेबर पार्टी ने हार स्वीकार कर ली.

**यूग्रो कैपिटल लिमिटेड**
UGRO CAPITAL
बी-17, चौथी मंजिल, आर्ट गिल्ड हाउस, फीनिक्स मार्केट सिटी, कुर्ला (पश्चिम), मुंबई- 400070

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए विक्रय सूचना**

**अचल संपत्ति(यों) ["सुरक्षित संपत्ति(यों)"] की बिक्री के लिए 15 दिन की ई-नीलामी बिक्री सूचना वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 के नियम 8 और 9 के परंतुक के अंतर्गत। सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002।**

आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित सुरक्षित परिसंपत्ति(संपत्तियां), जो यूग्रो कैपिटल लिमिटेड ("सुरक्षित लेनदार") के पास गिरवी/बंधक हैं और जिन पर सुरक्षित लेनदार के अधिकृत अधिकारी ने कब्जा कर लिया है, नीचे उल्लिखित तिथि और समय पर "जैसा है, जहां है, और जो कुछ भी उपलब्ध है" के आधार पर बेची जाएंगी। यह बिक्री नीचे उल्लिखित बकाया राशि और उस पर देय राशि की वसूली के लिए, साथ ही उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) से सुरक्षित लेनदार को देय राशि की वसूली की तिथि तक उस पर लगने वाले ब्याज और अन्य खर्चों की वसूली के लिए की जाएगी। आरक्षित मूल्य, बयाना राशि (ईएमडी) और ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि भी नीचे उल्लिखित है:

| स.क्र. | ऋण लेने वाले/गारंटर का विवरण | नीलामी का विवरण | |
|---|---|---|---|
| 1 | 1. पटेल मैन्युफैक्चरिंग<br>2. अर्चना लोधी<br>3. राजा भैया पटेल<br>लैन - UGJBRSS0000071507 | आरक्षित मूल्य : | ₹ 56,22,210/- |
| | | ईएमडी | ₹ 5,62,221/- |
| | | ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: | 08-06-2026 |
| | | नीलामी की तिथि: | 09-06-2026 |


सुरक्षित संपत्ति का विवरण: पी-II डिवीजन, खसरा संख्या 101/2/2, क्षेत्रफल 0.11 हेक्टेयर (12000 वर्ग फुट) कमर्शियल रूप से परिवर्तित संपत्ति, मौजा कुमझोर, एन.बी. संख्या 68, पीसी संख्या 36, आरएनएम एवं तहसील, ब्लॉक पंचायत, गोटेगांव, जिला नरसिंहपुर में स्थित है। सीमाएँ उत्तर: दानग्राही राजा भैया पटेल की भूमि, दक्षिण: श्रीमती भगवती बाई की भूमि, पूर्व: पीएम कुमझोर की ओर जाने वाली सड़क, पश्चिम: दानदाता साहब सिंह पटेल की भूमि।

बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया यू ग्रो कैपिटल लिमिटेड/सिक्योर्ड क्रेडिटर की वेबसाइट www.ugrocapital.com पर दिए गए लिंक को देखें या नीचे दिए गए पते पर संपर्क करें: authorised.officer@ugrocapital.com अधिक जानकारी के लिए, संपर्क विवरण: आरसीएम - मंगेश पाटिल -8082054151 और एससीएम - महेश गुप्ता-9867053198

**दिनांक: 18.05.2026**
**स्थान: मध्य प्रदेश**
**एसडी/- (अधिकृत अधिकारी)**
**यूग्रो कैपिटल लिमिटेड**

**जनता दर्शन** | **अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश**

# बिना भेदभाव हर जरूरतमंद को मिले न्याय : योगी



**लखनऊ, 17 मई. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं. इस दौरान उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान सरकार की प्रतिबद्धता है.**

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पूरी तत्परता और संवेदनशीलता से यह सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सबको न्याय मिले. हर पात्र व्यक्ति को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो और जमीन कब्जाने वाले भू-माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए. गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में योगी ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने सभी प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही लोगों को आश्वस्त किया कि हर समस्या का प्रभावी समाधान कराया जाएगा. जनता दर्शन में एक महिला ने परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए बेटी की शादी के लिए सहायता मांगी। इस पर मुख्यमंत्री ने उसे प्रति जोड़ा एक लाख रुपए सहायता वाली मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की जानकारी दी.

महिला ने अपनी बेटी को भी योजना का लाभ दिलाने का अनुरोध किया, जिस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए. गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता मांगने पहुंचे लोगों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जरूरतमंद मरीजों के इलाज का इस्टीमेट जल्द तैयार कर उपलब्ध कराया जाए, ताकि सरकार तुरंत आर्थिक सहायता जारी कर सके.

# यूक्रेन का रूस पर 1000 ड्रोन से हमला



**यूक्रेन, 17 मई. शनिवार रात को रूस के कई इलाकों पर 1000 से ज्यादा ड्रोन से हमला किया. इसमें कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई है. इसमें 1 भारतीय मजदूर भी शामिल है. रूस में भारतीय दूतावास ने इसकी पुष्टि की है. दूतावास के मुताबिक 3 भारतीय घायल भी हैं.**

अधिकारियों ने हमले की जगह का दौरा किया और अस्पताल में भर्ती घायलों से मुलाकात भी की. अभी तक मारे गए और घायल लोगों की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है. रूस के अधिकारियों ने बताया कि हमले में मॉस्को इलाके में तीन लोगों की मौत हुई, जबकि यूक्रेन सीमा से लगे बेलगोरोद इलाके में एक और व्यक्ति की जान गई. मॉस्को में कुल 12 लोग घायल हुए हैं. इनमें तेल रिफाइनरी में काम करने वाले मजदूर भी शामिल हैं. यूक्रेन ने मॉस्को इलाके में सैन्य और ईंधन से जुड़े अहम ठिकानों को निशाना बनाया.